हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, रविवार, 16 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27 .5 डिग्री
न्यूनतम 6 . 0 डिग्री

12 पुलिस का ऑपरेशन ट्रैक डाउन, इनामी सहित तीन आरोपी चढ़े हत्थे, डीजीपी के आदेश पर बढ़ी सक्रियता



12 बिहार में एनडीए की जीत ने बढ़ाया पीएम मोदी का कद : आरती राव



### दो दर्जन से अधिक सड़कों की हालत खस्ता, ज्यादा खराब सड़कों पर ही विभाग का जोर

# करीब आ रहा कोहरे का सीजन, बदहाल सड़कों के लिए बजट नहीं, बनी रहेगी हादसों की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कोहरे की शुरूआत होने में ज्यादा समय नहीं बचा है। विजिबिलिटी कम होने के बाद टूटी सड़कों पर हादसों की आशंका ज्यादा रहती है। लोक निर्माण विभाग से लेकर एनएचएआई की सड़कें बदहाल बनी हुई हैं। लोक निर्माण विभाग ने बदहाल सड़कों को चिन्हित तो कर लिया है, परंतु सभी सड़कों को एक साथ सुधारने के लिए विभाग के पास पर्याप्त बजट ही उपलब्ध नहीं है। कोहरे का सीजन शुरू होने के साथ ही सड़क हादसों में वृद्धि होना शुरू हो जाता है। इन हादसों के पीछे टूटी सड़कों की भूमिका भी कम नहीं होती। मानसून के सीजन में बारिश सड़कों को बदहाल बनाने का काम करती है। इस समय जिले में 100 से अधिक सड़कों को चिन्हित किया गया है, जिनकी मरम्मत की तुरंत दरकार है। लोक निर्माण विभाग की ओर से 92 सड़कों की मरम्मत के लिए लगभग 40 करोड़ रुपये का बजट तय किया हुआ है। सड़कों के ठेके अलग-अलग ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं। विभाग ने इन सड़कों के अलावा 15 अन्य सड़कों को चिन्हित तो कर लिया है, परंतु फिलहाल विभाग के पास इन सड़कों का निर्माण कराने के लिए बजट ही नहीं है। बजट नए साल में मिलने की संभावना है, तब तक लोगों को खतरनाक सड़कों का सामना करना पड़ेगा। कई सड़कों में मोटे-मोटे गड्ढे बन चुके हैं, जो कोहरे के समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। बारिश की स्थिति में यह गड्ढे पानी एकत्रित होने के बाद और भी खतरनाक हो जाते हैं। गड्ढे दिखाई नहीं देने से वाहन इनमें जाकर हादसों का शिकार हो जाते हैं। खासकर दुपहिया वाहन चालकों को क्षतिग्रस्त सड़कों पर ज्यादा खतरा बना रहता है।

**इस समय जिले में 100 से अधिक सड़कों को चिन्हित किया गया है, जिनकी मरम्मत की तुरंत दरकार**





रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे से गायब बीच की सफेद पट्टी, बाईपास फ्लाईओवर पर खराब सड़क पर लगाए गए अवरोधक।

### डैजेज सड़कों पर तेजी से होगा कार्य

लोक निर्माण विभाग की ओर से 100 से अधिक सड़कों को चिन्हित करने के बाद इनका निर्माण कराया जा रहा है। 15 सड़कें ऐसी हैं, जो बजट के कारण अगले साल मार्च माह तक ही बन पाएंगी। अन्य सड़कों को फॉगी सीजन से पहले ठीक कराया जाएगा।

-सत्येंद्र कुमार, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी।

### कुंड से जाटूसान तक रोड बदहाल

जैसलमेर नेशनल हाइवे से कुंड होकर डहीना और जाटूसाना के रास्ते रोहतक नेशनल हाइवे को जोड़ने वाले रोड की हालत इस समय सबसे खराब है। इस रोड से बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपरों का आवागमन होता है। खोल और मंढोला के बीच तथा ढाणी ठेठेरबाढ़ के पास दो स्थानों पर कोर्ट केस के चलते सड़क निर्माण लंबे समय अधूरा पड़ा हुआ है। यह सड़क कई स्थानों पर टूटी हुई है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अन्य सड़कों का भी यही हाल है।



रेवाड़ी। बाईपास पुल के नीचे जर्जर अवस्था में भाड़ावास रोड। फोटो : हरिभूमि

### पुरानी सड़कों की पट्टियां भी गायब

*सड़कों का निर्माण कराने के बाद एनएचएआई या लोक निर्माण विभाग इन पर पीली व सफेद पट्टियां बनवाते हैं। यह पट्टियां रात व कोहरे के समय वाहन चालकों के लिए काफी कारगर साबित होती हैं। पुरानी सड़कों से यह पट्टियां गायब हो चुकी हैं या फिर काफी कमजोर हो गई हैं। कई सड़कों की मरम्मत के बाद पट्टी नहीं बनाई गई है, जिससे रात के समय सड़कों पर हादसों की आशंका बनी रहती है। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कई जगह पट्टियां गायब हो चुकी हैं।*

### ट्रैफिक पुलिस कर रही एक्सरसाइज

बदहाल सड़कों के कारण होने वाले हादसों को टालने के लिए ट्रैफिक पुलिय ने कोहरे के सीजन को देखते हुए एक्सरसाइज शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से टूटी सड़कों के बारे में संबंधित विभागों को सूचित किया जाता है, जिसके बाद विभाग गड्ढों को भरवाने की औपचारिकता पूरी करता है। पुलिस की ओर से घुमावदार सड़कों पर ब्रेकर बनाने से लेकर सांकेतिक बोर्ड और रिफ्लेक्टर तक लगवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखे हुए हैं।

### डीसी के साथ मीटिंग में उठाया मुद्दा

डीसी के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर हुई मीटिंग में टूटी सड़कों का मुद्दा उठाया जा चुका है। यह कार्य संबंधित विभागों को करना है। ट्रैफिक पुलिस कोहरे के सीजन को देखते हुए जल्द रिफ्लेक्टर लगवाने का कार्य शुरू करेगी।

-पवन कुमार, डीएसपी ट्रैफिक।



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हादसे के बाद 21 अक्टूबर को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने खिजूरी निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। तफतीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### दहेज उत्पीड़न मामलों में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो विवाहिताओं की शिकायत के आधार पर अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। मामले दर्ज करने से पहले पुलिस ने समझौता कराने के प्रयास किए थे। 13 नवंबर को दर्ज किए गए मामले में पुलिस ने धारूहेड़ा के बास रोड निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 18 नवंबर को दर्ज मामले में भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### लूट मामले में आरोपी को काबू किया

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने करीब तीन साल पहले हथियारों के बल पर लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 6 जनवरी 2022 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब एक आरोपी नूंह के छारोरा निवासी जमशेद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आर्म्स एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** कसोला पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज एक मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति के बयान पर 6 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने मामले के अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपी पातुहेड़ा निवासी अनिल फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### आपसी विवाद में काबू किए दो आरोपी

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने आपसी विवाद में झगड़े की आशंका को देखते हुए निवारक कार्यवाही के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो पक्षों के बीच विवाद के चलते सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों में समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने बासदुधा निवासी नरेश और खालेटा निवासी सुनील को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज

**बावल।** नारनौल रोड बाइपास पर हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस ने एक ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। शुक्रवार की रात कसोला चौक के पास एक ट्रक के अचानक ब्रेक लगने से कार ट्रक में घुस गई। इस हादसे में कार में सवार लोग तो बच गए, परंतु गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक हादसे के बाद ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### मेघवाल समाज की बैठक करनावास में आज

**रेवाड़ी।** मेघवाल उत्थान समिति हरियाणा के सचिव भूपेन्द्र शेखपुर ने बताया कि मेघवाल समाज की बैठक 16 नवम्बर को करनावास में मेघवाल सभा का आयोजन होगा। इस मीटिंग में सभी पदाधिकारी और सदस्य हिस्सा लेंगे।

# लिसाना नहर में गिरा असंतुलित ट्रॉला चालक गंभीर रूप से हुआ घायल

■ ट्रॉले में फंसे चालक को बाहर निकालकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोहतक नेशनल हाइवे पर लिसाना के पास एक ट्रॉला संतुलन बिगड़ने के बाद नहर में गिर गया। ट्रॉला बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक को गंभीर चोटें आई हैं। उसे ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। शनिवार सुबह एक ट्रॉला रोहतक से रेवाड़ी की ओर आ रहा था। जब ट्रॉला लिसाना के पास पहुंचा, तो अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। ट्रॉले का अगला हिस्सा नहर में गिर गया। तेज आवाज होने के कारण आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद रोहड़ाई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ट्रॉले में फंसे चालक को बाहर निकालकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार होने के कारण ओवरटेक करते समय ट्रॉले का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हो गया।



रेवाड़ी। लिसाना नहर में गिरे ट्रॉले को देखते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

# डिवाइडर से टकराकर कार में लगी आग बाल-बाल बचे चालक व अन्य लोग

**रेवाड़ी।** जैसलमेर नेशनल हाइवे से रोहतक रोड को जोड़ने वाले आउटर बाईपास पर शुक्रवार की रात ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से एक आर्टिगा कार डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार में आग लग गई। कार में सवार चालक सहित सभी लोग सुरक्षित बच गए, परंतु कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। कसोला पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी। गांव पदैयावास निवासी एक युवक अपनी कार से रात को कहीं जा रहा था। कार में उसके तीन साथी भी सवार थे। जब कार शहबाजपुर खालसा के पास पहुंची तो साइड लेते समय आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। ट्रक से बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकरा गई। उसमें सवार सभी युवक कार से बाहर निकल गए। सीएनजी की होने के कारण कारण में तुरंत आग लग गई। देखते ही देखते कार जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही रात को कसोला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी।

## विवेकानंद स्कूल में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद चीफ गेस्ट व स्कूल स्टाफ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** लाखनौर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएमसी ब्रह्मप्रकाश किया। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां शामिल रहीं, जिसमें जूनियर विंग में पोयम रीसाइटेशन, फैन्सी ड्रेस, फैशन परेड, ग्रुप डांस व लघु नाटिका तथा सीनियर विंग में स्केच मेकिंग, फायरलेस कुकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट आदि रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यार्थियों ने अपने भाषण के माध्यम से बाल दिवस व पंडित जवाहर लाल नेहरु के बारे में बताया। विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। ब्रह्मप्रकाश एचसीएस ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके भविष्य निर्माण के लिए कार्यरत विद्यालय प्रबन्धन के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर प्रियंका यादव भी मौजूद रहीं।

### दुकान से मोबाइल फोन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने दुकान से मोबाइल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान झाल निवासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। जांच अधिकारी ने बताया की कोसली निवासी सुनील कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था की उसने कोसली मेन बाजार तिराहे पर मोबाइल की दुकान की हुई है। गत 11 नवम्बर को उसकी दुकान पर गांव झाल निवासी कृष्ण कुमार मोबाइल फाइनेंस कराने के लिए आया था। उसने फाईनैंसर न होने पर उसे कल आने को कहा था। इसी दौरान काम में व्यस्त होने के कारण आरोपी कृष्ण कुमार दुकान के काउंटर से उसका मोबाइल फोन चोरी करके ले गया है। पुलिस ने थाना कोसली में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए मोबाइल फोन को बरामद कर लिया है।

### जेठ-जेठानी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज

**कोसली।** नाहड़ गांव की एक महिला ने अपने ही जेठ व जेठानी पर घर में घुसकर सामान व गहने चोरी का आरोप लगाते हुए डीएसपी को शिकायत देकर कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महिला शशी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका शादी करीब 8 वर्ष पहले मनोज कुमार पुत्र जसवन्त निवासी नाहड़ संग हुई थी तथा वह नाहड़ गांव में शुरू से अपने नये मकान में रहती आ रही हूं। 9 नवंबर को दोपहर वह नाहड़ पुलिस चौकी में गई हुई थी। जेठानी कविता व जेठ सुरेश कुमार पीछे से मकान में घुसकर उनकी सोने की अंगुठी एक जोडी चांदी की चुटकी, दो हजार रुपये नकद व पुराने घर की रसोई में रखा गैस सिलेन्डर चोरी कर ले गये। घर आकर देखा घर में रखा उपरोक्त सामान नहीं मिला। किसी ने बताया कि पीछे से जेठानी व जेठ मकान से मेरा उपरोक्त सामान उठा ले गए।

SANSKARAM UNIVERSITY

"अपणी संस्कृति, अपणा मान देश की आन हरियाणा की शान"

विरासत - ए - झज्जर - 2025

अपणी संस्कृति, अपणी बोली अर अपणी पहचान का मेला
इस खास मौके पे होण जा राया सै नौजवाना के टैलेंट देखण - दिखाण का जलवा
जो सै 14 तै 17 साल की उमर आले छोरे-छोरियां खातर

| प्रतियोगिता → / पद ↓ | Group Dance/Singing | Solo Singing/Dancing/ Declamation Painting / Sketching/ Rangoli |
|---|---|---|
| पहला पुरस्कार | ₹11,000/- | ₹5,100/- |
| दूसरा पुरस्कार | ₹5,100/- | ₹3,100/- |
| तीसरा पुरस्कार | ₹3,100/- | ₹2,100/- |

REGISTRATION के लिए Scan करें

तारीख : 20 नवम्बर, 2025 | टेम: 10:00 बजे से

• देसी खेल तमाशे • हरियाणवी मखौल • हरियाणवी झाँकी • देसी खानपान

Best Performing School will receive 21,000/- Cash prize with trophy

मिस्टर एंड मिस झज्जर
आयु वर्ग -(35 से 45 वर्ष)(46 से 55 वर्ष)

₹5,100

धाकड़ ताई व धाकड़ ताऊ
आयु वर्ग - 56 से 70 वर्ष

सभी हरियाणावासी सादर आमंत्रित है

ठिकाणा : संस्कारम् विश्वविधालय का आगंण
खेड़ी तालुका, पाटौदा, झज्जर (हरियाणा)

★ सभी भाग लेने वालों को बधाई पत्र
★ सभी से प्रार्थना है कि अपना आधार कार्ड या स्कूल आई.डी कार्ड लेकर आऐ।

रजिस्ट्रेशन करने के लिए दिऐ गए स्कैनर पर स्कैन करे या कॉल करें
★ Mr. & Mrs Jhajjar
Dhakad Tai & Dhakad Tau
Dancing के लिए - 7056999264
★ Singing के लिए - 7056999263
★ Painting ★ Sketching ★ Rangoli के लिए - 7056999262

* On the Spot REGISTRATION AVAILABLE on arrival at Sanskaram University Till 12:00 P.M.





# शेयर बाजार Vs एसआईपी बेहतर है कौन

प्लानिंग | बिजनेस डेस्क

अगर आप भी एक नए निवेशक हैं और अपने पैसों को शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं, तो पहले आपको दोनों में से कहां से शुरुआत करनी चाहिए। आज हम आपको इसी के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानते हैं।

### पैसों का निवेश जरूरी

पैसों का निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपनी बचत को एक अच्छी जगह निवेश जरूर करना चाहिए, जिससे वह अपनी वेल्थ को बढ़ा सकें। पैसों को निवेश करने के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं। कुछ लोग सुरक्षित निवेश करना चाहते हैं, जिसके लिए वह बैंक एफडी और स्मॉल सेविंग स्कीम में अपने पैसों का निवेश करते हैं। वहीं कुछ लोग ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए रिस्क लेते हैं और शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड में अपने पैसों का निवेश करते हैं। अगर आप भी एक नए निवेशक हैं, और अपने पैसों को शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं, तो पहले आपको दोनों में से कहां से शुरुआत करनी चाहिए. आज हम आपको इसी के बारे में बताने वाले हैं।

### आइए जानते हैं नए निवेशक कहां से शुरू करें निवेश

बात करें शेयर बाजार में निवेश की तो शेयर बाजार में निवेश काफी रिस्क भरा होता है। किसी भी कंपनी के शेयर खरीदने पर आपको कितना रिटर्न मिलेगा, यह सीधा शेयर की कीमत पर निर्भर करता है। शेयर की कीमत बढ़ भी सकती है और घट भी सकती है। कीमत घटने पर आपको नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में शेयर बाजार में निवेश करने से पहले आपको कंपनी के कारोबार, बैलेंस शीट और सेक्टर ट्रेंड्स की समझ जरूर होनी चाहिए। ऐसे में शेयर बाजार में निवेश करने से पहले आपको म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए।

### नए निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड बेस्ट

अब बात कर लेते हैं म्यूचुअल फंड में निवेश की, तो शेयर बाजार में पहले न निवेश कर आपको सबसे पहले एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए। म्यूचुअल फंड के जरिए भी आपके पैसे शेयर बाजार में ही लगाए जाते हैं लेकिन यह पैसे कब और कैसे और कितना लगाना है, यह फंड मैनेजर तय करते हैं। एसआईपी में आप बस हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करते हैं। लंबे समय तक निवेश कर आप यहां औसतन 12 प्रतिशत की दर से रिटर्न पा सकते हैं। शुरुआत में म्यूचुअल फंड में निवेश कर आप बाजार की चाल को समझ सकते हैं और आपको शेयर बाजार की समझ भी होगी। ऐसे में शेयर बाजार में निवेश करने से पहले एक बार म्यूचुअल फंड में निवेश जरूर करें।



निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

▸▸ आप 80 हजार रुपये या 2 लाख रुपये महीना कमाएं। बिना किसी सही मनी प्लान के यह पैसा आपकी सोच से भी तेज गायब हो जाता है।'

## अनजाने और अनचाहे खर्च को रोकना होगा, मिडिल क्लास को नहीं रहेगी टेंशन

# सैलरी मिलने के कुछ दिन बाद ही पर्स हो जाता है खाली, ये टिप्स आएंगे काम

*उदाहरण से समझें : रिया 90,000 रुपये महीना कमाती हैं। वह हर महीने लगभग 20,000 रुपये सिर्फ रोज की कॉफी, लंच, स्नैक्स और वीकेंड पर बाहर घूमने में खर्च कर देती हैं। यह साल का 2.4 लाख रुपये हो जाता है। अगर इसकी आधी रकम भी 11% सालाना रिटर्न के साथ निवेश की जाए तो पांच साल में 8.4 लाख रुपये का फंड बन सकता है।*

महीने की शुरुआत में जब फोन पर सैलरी अकाउंट में क्रेडिट होने का मैसेज आता है तो काफी खुशी होती है। लेकिन यह खुशी कुछ दिनों तक ही रहती है। 15-20 दिन गुजरने के बाद आर्थिक तंगी के हालात शुरू हो जाते हैं। ऐसा काफी लोगों के साथ होता है। मिडिल क्लास के साथ तो लगभग हर महीने यही स्थिति रहती है। 15-20 दिन बीतने के बाद चिंता सताने लगती है कि आखिर सैलरी का पैसा कहां खर्च हो गया? एक्सपर्ट ने कुछ सुझाव दिए हैं जिसमें इसका कारण और समाधान भी बताया है गया है। एक्सपर्ट के अनुसार हमसे कुछ अनजाने और अनचाहे खर्च ऐसे हो जाते हैं जिनके कारण धीरे-धीरे सैलरी का पैसा खर्च होना शुरू हो जाता है। हालात कई बार ऐसे आ जाते हैं कि सैलरी मिलने के 20 दिन बाद ही बटुआ खाली हो जाता है। समस्या यह नहीं है कि आप कितना कमाते हैं, बल्कि यह है कि आप उस पैसे को कैसे मैनेज करते हैं।

### कहां गया सारा पैसा?

एक्सपर्ट्स के मुताबिक 'आपकी सैलरी अभी-अभी क्रेडिट हुई है। वो खुशी वाला अलर्ट देखकर मुस्कान आ जाती है, है ना? लेकिन 20 दिन बाद आपका यूपीआई बैलेंस आपको सोचने पर मजबूर कर देता है- सारा पैसा कहां गया? यह कहानी कई मिडिल क्लास भारतीयों की है।'

आपकी लाइफ कैसी होगी यह आपके कमाने पर निर्भर नहीं होता है, बल्कि यह निर्भर करता है कि आप बचाते कितना है। उन्होंने लिखा है, 'आप 80 हजार रुपये या 2 लाख रुपये महीना कमाएं। बिना किसी सही मनी प्लान के यह पैसा आपकी सोच से भी तेज गायब हो जाता है।' उन्होंने आगे कहा कि दौलत सिर्फ कमाई से नहीं, बल्कि मैनेजमेंट और लगातार कोशिशों से बनती है।




### उदाहरण से समझें गणित

अपनी बात को समझाने के लिए हम एक उदाहरण का सहारा लेते हैं। एक लड़की रिया जो एक कंसल्टेंट हैं और 90,000 रुपये महीना कमाती हैं। वह हर महीने लगभग 20,000 रुपये सिर्फ रोज की कॉफी, लंच, स्नैक्स और वीकेंड पर बाहर घूमने में खर्च कर देती हैं। यह साल का 2.4 लाख रुपये हो जाता है। अगर इसकी आधी रकम भी 11% सालाना रिटर्न के साथ निवेश की जाए तो पांच साल में 8.4 लाख रुपये का फंड बन सकता है। छोटे-छोटे फैसले चुपके से बड़ी दौलत बन जाते हैं।

### आखिर क्यों 'गायब' हो जाती है सैलरी

सैलरी गायब होने के पीछे असली वजह अनकॉन्शियस स्पेंडिंग यानी ऐसे खर्च है जो अनजाने में होता है। कई बार ऐसे छोटे खर्चे होते हैं जिन पर ध्यान नहीं दिया जाता। उनके मुताबिक हमारा दिमाग बड़े खर्चे पहचान लेता है लेकिन छोटे खर्चे जैसे- रोजाना का खर्च, सब्सक्रिप्शन, अचानक कुछ खरीदना आदि खर्च का पता ही नहीं चलता। इस कारण हर महीने 25 से 40 हजार रुपये चुपके से खर्च हो जाते हैं। यही कारण है कि सैलरी आने के बाद महीना खत्म होने से पहले ही बटुआ खाली हो जाता है।

### ये हैं काम के टिप्स

ऐसे अनचाहे खर्च को रोकने और पैसे पर कंट्रोल के लिए 4 टिप्स हैं। अपनी सैलरी की तरह हर महीने बचत को ऑटोमेटिक कर लें। इसके लिए किसी मुश्किल अकाउंट की जरूरत नहीं है। **बस 4 आसान पॉकेट बना लें।**

### ये इस प्रकार हैं :

1. सैलरी हब : यह आपका मुख्य इनकम अकाउंट है। यानी आपकी सैलरी इसी अकाउंट में आती है।
2. सेफ्टी नेट : इसमें इमरजेंसी फंड और लक्ष्य-आधारित बचत के लिए पैसा रखें। यह रकम 60:40 के रेश्यो में होनी चाहिए।
3. ग्रोथ इंजन : यह अकाउंट सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) और ऑटोमेटेड इन्वेस्टमेंट के लिए है।
4. डेली एक्सपेंसेस: यह अकाउंट यूपीआई और बिल पेमेंट के लिए है। यह आपकी सेविंग से अलग होगा।

### टाइमिंग का रखें ध्यान

ऊपर बताए चार पॉकेट में पैसा समय पर इन्वेस्ट कर दें। यहां टाइमिंग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों की सैलरी महीने की आखिरी तारीख (30 या 31) या 1 तारीख को आ जाती है। ऐसे में हर महीने की 2 तारीख को ऑटोमेटिक ट्रांसफर सेट करें। महीने के बीच में खर्चों की समीक्षा करें और 25 तारीख तक अगले महीने की तैयारी कर लें।

### ये तीन मंत्र काम के

पैसा कमाना एक स्किल है। पैसा बचाना एक आर्ट है और पैसे को कंपाउंड करना (ब्याज पर ब्याज कमाना) साइंस है। इन तीनों में महारत हासिल करें। ऐसे में फाइनेंशियल फ्रीडम अपने आप मिल जाएगी। पैसे का सही प्रयोग ही हमें जल्दी अमीर बना सकता है।

# एक लाख 3 साल की एफडी में निवेश करने पर कौन सा बैंक दे रहा है सबसे ज्यादा रिटर्न

नॉलेज | बिजनेस डेस्क

*"आज हम आपको देश के अलग अलग बैंकों की 3 साल की अवधि वाली एफडी और उनमें मिलने वाले रिटर्न के बारे में बताने वाले हैं। आइए जानते हैं देश के कौन से बैंक में आप 3 साल की एफडी में निवेश कर ज्यादा रिटर्न पा सकते हैं।*

आज हम आपको देश के अलग अलग बैंकों की 3 साल की अवधि वाली एफडी और उनमें मिलने वाले रिटर्न के बारे में बताने वाले हैं. आइए जानते हैं देश के कौन से बैंक में आप 3 साल की एफडी में निवेश कर ज्यादा रिटर्न पा सकते हैं। जब भी पैसों को निवेश करने की बात आती है, तो ज्यादातर लोग अपने पैसों को बैंक एफडी में ही निवेश करना पसंद करते हैं. इसका कारण एफडी में मिलने वाला फिक्स्ड रिटर्न और पैसों की सुरक्षा है. देश के अलग अलग बैंकों द्वारा अपनी अलग अलग अवधि वाली एफडी पर अलग अलग ब्याज दर से रिटर्न ऑफर किया जाता है. आज हम आपको देश के अलग अलग बैंकों की 3 साल की अवधि वाली एफडी और उनमें मिलने वाले रिटर्न के बारे में बताने वाले हैं. आइए जानते हैं देश के कौन से बैंक में आप 3 साल की एफडी में निवेश कर ज्यादा रिटर्न पा सकते हैं।

प्राइवेट बैंक इंडसइंड बैंक अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में सबसे ज्यादा ब्याज दर से रिटर्न ऑफर कर रहा है। इस बैंक की 3 साल की एफडी की ब्याज दरें 6.65 प्रतिशत हैं। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,19,950 रुपये मिलेंगे।




### एक्सिस बैंक की 3 वर्ष की एफडी

प्राइवेट बैंक एक्सिस बैंक अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में 6.60 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न ऑफर करता है। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,19,800 रुपये मिलेंगे।

### एचडीएफसी की 3 वर्ष की एफडी

प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में 6.40 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न ऑफर करता है। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,19,200 रुपये मिलेंगे।

### एसबीआई की 3 साल की एफडी

सरकारी बैंक एसबीआई अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में 6.30 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न ऑफर करता है। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,18,900 रुपये मिलेंगे

### केनरा बैंक की 3 वर्षीय एफडी

सरकारी बैंक केनरा बैंक अपनी 3 साल की अवधि वाली एफडी में 6.25 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न ऑफर करता है। ऐसे में अगर आप इस एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो आपको मैच्योरिटी पर कुल 1,18,750 रुपये मिलेंगे।

## एफडी के अलावा इन 5 सरकारी स्कीम में करें पैसों का सुरक्षित निवेश

*बैंक एफडी के अलावा भी सुरक्षित निवेश के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं। एफडी के अलावा आप सरकार की स्मॉल सेविंग स्कीम में अपने पैसों का निवेश कर सकते हैं। आइए जानते हैं।*




जब भी पैसों को निवेश करने की बात आती है तो ज्यादातर लोग अपने पैसों को केवल बैंक एफडी में ही निवेश करते हैं क्योंकि बैंक एफडी में पैसा सुरक्षित रहता है यानी पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है लेकिन बैंक एफडी के अलावा भी ऐसी कई स्कीम हैं, जहां लोग अपने पैसों को सुरक्षित तरीके से निवेश कर सकते हैं और काफी अच्छा रिटर्न पा सकते हैं। हम बात कर रहे हैं सरकार की स्मॉल सेविंग स्कीम के बारे में। स्मॉल सेविंग स्कीम में आपको एक निश्चित ब्याज दर से रिटर्न मिलता है, और यह सरकारी स्कीम है. ऐसे में आपको पैसों की पूरी सुरक्षा भी मिलेगी। आइए जानते हैं बैंक एफडी के अलावा आप किस-किस सरकारी स्कीम में पैसों का निवेश कर सकते हैं

### नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट

नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट यानी एनएससी पोस्ट ऑफिस की सरकारी स्कीम है, जहां आपको 5 साल की अवधि के लिए अपने पैसों का निवेश करना होता है। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट में आपको 7.7 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न मिलता है।

### सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम

अगर आपकी उम्र 60 साल से अधिक है तो आप सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम में 5 सालों के लिए अपने पैसों को निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम में 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। यहां आप अधिकतम 30 लाख रुपये का निवेश कर सकते हैं।

### पोस्ट ऑफिस आरडी

अगर आप एक साथ निवेश न कर थोड़ा थोड़ा निवेश करना चाहते हैं तो आप पोस्ट ऑफिस की आरडी में निवेश कर सकते हैं. यहां आपको हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी होती है. इस स्कीम का मैच्योरिटी पीरियड 5 साल का होता है। आरडी में 6.7 प्रतिशत की ब्याज दर से रिटर्न मिलता है।

### किसान विकास पत्र

पोस्ट ऑफिस की किसान विकास पत्र यानी केवीपी स्कीम में आप अपने पैसों को 115 महीनों के लिए निवेश करके उन्हें डबल बना सकते हैं। किसान विकास पत्र स्कीम में 7.5 प्रतिशत सालाना की ब्याज दर से रिटर्न मिलता है. ऐसे में आप यहां भी निवेश कर सकते हैं।

# स्मार्ट निवेशक ऐसे पहचानते हैं म्यूचुअल फंड बेचने का सही वक्त

सुझाव
बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में इन्वेस्टमेंट करने की बात तो हर निवेशक करता है, कौन सा फंडसबसे अच्छा है, कौन सा फंड मैनेजर बेहतर रिटर्न दे रहा है, या कौन सी स्कीम में पैसा लगाना चाहिए। हालांकि जब बात आती है म्यूचुअल फंड बेचने की, तो ज्यादातर लोग या तो गलत समय पर बेच देते हैं या फिर कभी बेचते ही नहीं, जबकि सच यह है कि जितना जरूरी इन्वेस्टमेंट करना है, उतना ही जरूरी है सही समय पर बेचना भी। अगर आप यह नहीं जानते कि म्यूचुअल फंड कब बेचना चाहिए, तो आपका अच्छा फंड भी नुकसान में बदल सकता है। अक्सर ऐसा होता है कि मार्केट में गिरावट आते ही निवेशक घबरा जाते हैं और अपने फंड को बेच देते हैं। यह सबसे आम लेकिन सबसे बड़ी गलती होती है। जैसे कि 2008 के वित्तीय संकट के दौरान कई निवेशकों ने डरकर अपने फंड बेच दिए थे, लेकिन उस टाइम पर अगर उन्होंने धैर्य रखा होता, तो अगले पांच सालों में उनकी रकम दोगुनी हो सकती थी, तो इसलिए, मार्केट गिरने पर डरकर फंड बेचना नहीं, बल्कि धैर्य रखना जरूरी होता है।



## गलत समय पर म्यूचुअल फंड बेचने से हो सकता है भारी नुकसान

### कब नहीं बेचना चाहिए?

कई बार फंड कुछ महीनों के लिए खराब प्रदर्शन करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि फंड खराब है। हर इन्वेस्टमेंट प्रोडक्शन के उतार-चढ़ाव के चक्र होते हैं। अगर आपने किसी उद्देश्य के लिए निवेश किया है, जैसे बच्चे की पढ़ाई, शादी या रिटायरमेंट, तो बीच में फंड बेचने की गलती न करें। इसके अलावा, सिर्फ इसलिए फंड न बेचें क्योंकि आपका कोई दोस्त या रिश्तेदार किसी नए फंड में निवेश कर रहा है। वैसे निवेशकों को औसतन करीब 3-4% कम रिटर्न मिल सकता है क्योंकि वे गलत समय पर फंड बेच देते हैं, यानी निवेशक खुद अपने नुकसान के जिम्मेदार बन जाते हैं।

### कब बेचना चाहिए फंड?

म्यूचुअल फंड में निवेश जितना जरूरी है, उतना ही अहम है सही समय पर उसे बेचना। फंड को बेचना किसी जल्दबाजी का नहीं बल्कि एक रणनीतिक फैसला होना चाहिए। अगर आपका फाइनेंशियल टारगेट जैसे बच्चे की शिक्षा, घर खरीदना या रिटायरमेंट पूरा हो गया है, तो मुनाफा बुक कर लेना समझदारी है। वहीं, अगर कोई फंड लगातार 2-3 साल से खराब प्रदर्शन कर रहा है या अपने बेंचमार्क से पिछड़ रहा है, तो इसे बदलने का समय आ गया है। जिंदगी में फाइनेंशियल बदलाव जैसे नौकरी छूटना या रिटायरमेंट की स्थिति में जोखिम कम करना चाहिए। इसके अलावा, जब मार्केट ऊंचाई पर हो, तब आंशिक मुनाफा निकालकर अपनी पूंजी सुरक्षित करना बेहतर प्लानिंग मानी जाती है।

### फंड बेचने से पहले ये रखें ध्यान

म्यूचुअल फंड बेचने से पहले जल्दबाजी में कोई कदम उठाना नुकसानदायक हो सकता है। सबसे पहले अपने फंड की पूरी समीक्षा करें, क्या फंड मैनेजर, निवेश प्लानिंग या खर्च संरचना में कोई बड़ा बदलाव हुआ है? अगर हां, तो स्थिति को समझकर निर्णय लें। किसी भी कदम से पहले अपने फाइनेंशियल सलाहकार की राय जरूर लें, ताकि नुकसान से बचा जा सके। तो याद रखें, म्यूचुअल फंड एक लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट है इसलिए बाजार के उतार-चढ़ाव में घबराने की बजाय धैर्य रखें और अपनी वित्तीय योजना से भटकें नहीं। भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है। जुलाई 2024 से जुलाई 2025 के बीच इसका आकार 64.96 लाख करोड़ से बढ़कर 75.35 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो निवेशकों के बढ़ते भरोसे को पेश करता है।

### सही डिसीजन पर टिका है म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड में असली सफलता सिर्फ अच्छे फंड चुनने से नहीं, बल्कि सही समय पर निर्णय लेने से आती है। बाजार में उतार-चढ़ाव सामान्य है, इसलिए गिरावट से घबराने की बजाय अपने फाइनेंशियल टारगेट पर फोकस रखें। समय पर फंड बेचना न सिर्फ आपकी पूंजी बचाता है, बल्कि मुनाफे को भी दोगुना कर सकता है।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में जबरदस्त ग्रोथ

भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है। जुलाई 2024 से जुलाई 2025 के बीच इसका आकार 64.96 लाख करोड़ से बढ़कर 75.35 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो निवेशकों के बढ़ते भरोसे को पेश करता है। यह साबित करता है कि लोग अब पारंपरिक निवेश की बजाय म्यूचुअल फंड्स को दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण का साधन मान रहे हैं। हालांकि, केवल निवेश करना ही काफी नहीं है। सही समय पर फंड बेचना भी एक समझदार निवेशक की पहचान होती है। बाजार की स्थिति, अपने लक्ष्य और फंड के प्रदर्शन को समझकर निर्णय लेना ही सफल निवेश की कुंजी है।

### सही डिसीजन पर टिका है म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड में असली सफलता सिर्फ अच्छे फंड चुनने से नहीं, बल्कि सही समय पर निर्णय लेने से आती है। बाजार में उतार-चढ़ाव सामान्य है, इसलिए गिरावट से घबराने की बजाय अपने फाइनेंशियल टारगेट पर फोकस रखें। समय पर फंड बेचना न सिर्फ आपकी पूंजी बचाता है, बल्कि मुनाफे को भी दोगुना कर सकता है।

## कर्मचारियों ने विधायक से मुख्यमंत्री के समक्ष पैरवी करने का आग्रह किया

# ग्रामीण सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर एकमुश्त 10 लाख रुपये व दस हजार रुपये पेंशन हर माह लागू हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़






महेंद्रगढ़। शहर में प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी व विधायक कंवर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के रविवार को नारनौल आगमन को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी की ओर से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर शनिवार को विधायक कंवर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि, जिला सचिव जगदीश प्रसाद सतनाली व एआईयूटीयूसी मुकेश कुमार यादव की अगुवाई में सौंपा गया।

कर्मचारियों ने विधायक कंवर सिंह यादव से मुख्यमंत्रीके समक्ष लंबित मांगों को स्वीकार किए जाने की पैरवी का आग्रह किया। जिला प्रधान ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी पिछले 18 वर्षों से गांव में साफ-सफाई कार्य कर गांव में स्वच्छता अभियान की रीढ़ है और गांवों को साफ-सुथरा कर बीमारियों से बचाव में सफाई कर्मियों के योगदान को देखते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाना न्यायसंगत मांगों में शुमार है। इसके बावजूद इसके 18 वर्षों से लगातार संतोषजनक सेवाओं के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है।

गांवों में सरपंचों की मनमानी से कर्मचारियों की नौकरी पर आए दिन तलवार लटकी रहती है। कनीना ब्लॉक के गांव गोमला के सफाई कर्मचारी चिंतामणि व गंगाराम गांव के सरपंच व बीडीपीओ कनीना ने बिना किसी कमेटी की जांच व विभागीय कार्रवाई की पालना के बिना ही गैर-कानूनी तरीके से नौकरी से हटाकर एक गरीब दंपति की रोजी-रोटी छीन ली, जिनकी आजीविका का यही एकमात्र साधन था और उनके पांच बच्चों का जीवन संकट में पड़ गया है। यह गरीब चिंतामणि परिवार के साथ सरासर नाइंसाफी है, इसके लिए उसे नौकरी पर बहाल किया जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी बेहद गरीब परिवारों से है और पिछले 18 सालों से लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को न ही अभी तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया गया है और न ही न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू किया गया है, जिससे इस बढ़ती मंहगाई में परिवार का जीवनयापन बेहद मुश्किल है।

हमें सामाजिक सुरक्षा के दायरे से भी वंचित हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर एकमुश्त 10 लाख रुपये व दस हजार रुपये पेंशन हर माह लागू हो। इसके अलावा सरपंचों के अनावश्यक हस्तक्षेप से आए दिन हटाने की धमकी मिलती है, इसलिए हमें नौकरी सुरक्षा की भी गारंटी दी जाए।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके ब्लाक कनीना प्रधान दीपक, सचिव महेश कुमार, प्रेस सचिव रवि, कोषाध्यक्ष सोनू, महेंद्रगढ़ ब्लॉक प्रधान राजेन्द्र, सचिव मुकेश व सत्यनारायण सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत



**नारनौल।** गांव रामबास में करंट लगने से 67 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति सुबह नहाने के लिए पानी ले रहा था। इस दौरान बाल्टी में लगी रॉड में करंट आ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव रामबास निवासी करीब 67 वर्षीय रतिराम बीते कल सुबह अपने घर में नहाने के लिए गर्म पानी ले रहा था। इस दौरान जब वह बाल्टी से पानी लेने लगा तो बाल्टी में लगी रॉड में करंट आ गया। इससे उनको करंट लग गया। करंट लगने के कारण रतिराम बेहोश होकर वहां पर गिर गया। उसके बेहोश होकर गिरने पर परिजनों ने उसको उठाया तथा उपचार के लिए तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने रति राम को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र नरेश कुमार ने बताया कि उसके पिता जमींदार थे तथा खेतीबाड़ी करते थे। उनके एक लड़का व चार लड़कियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है।



नारनौल। बैठक में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रगतिशील प्रजापित संगठन की हुई बैठक

**नारनौल।** प्रगतिशील प्रजापति संगठन की एक आवश्यक बैठक संगठन के कार्यालय स्थित नसीरपुर में संपन्न हुई ।बैठक में सभी पदाधिकारी ने फैसला लिया कि 16 नवंबर को सीएम नायब सिंह सैनी के नारनौल आगमन पर उनका स्वागत किया जाएगा तथा उनके समक्ष संगठन, समाज के विकास व उन्नति के लिए कुछ प्रस्ताव पेश करने का फैसला लिया गया। इस मौके पर प्रधान बनवारी लाल, उपप्रधान लालाराम, उपप्रधान रामसिंह, मोहरसिंह, सीताराम, कृष्ण कुमार नंबरदार, फूलचंद, रमेश एडवोकेट आदि उपस्थित थे।



नारनौल। कर्मशाला प्रबंधक संदीप कुमार का स्वागत करते पूर्व प्रधान अनिल भीलवाड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज कर्मशाला प्रबंधक ने संभाला कार्यभार

**नारनौल।** रोडवेज बस डिपो में कर्मशाला प्रबंधक के तौर पर संदीप कुमार न्यू जॉइनिंग की है, जोकि पहले भिवानी डिपो में फोरमैन के पद पर कार्यरत थे। संदीप कुमार का नारनौल डिपो में ज्वाइन करने पर कर्मचारियों ने उनको गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। कर्मशाला प्रबंधक ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वह आने वाले समय में नारनौल डिपो के कर्मचारियों, रोडवेज विभाग और जनहित के लिए मिलजुलकर अच्छे से अच्छे कार्य करेंगे। कर्मशाला प्रबंधक के स्वागत में नारनौल डिपो के पूर्व प्रधान अनिल भीलवाड़ा, संजय नीरपुर, प्रीत्तम बागड़ी, कुलदीप मास्टर, दलजीत, सुरेंद्र वकील, प्रीत्तम नांगल सिरोही, विकास भुंगारका, सुंदर बेवल, नरेश, दयानंद आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# अहीर रेजिमेंट और 120 बहादुर में अहीर शब्द शामिल किया जाए: पूर्व सांसद

पूर्व सांसद चौधरी बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में नारनौल से चलकर महेंद्रगढ़ पहुंची जनसद्भावना यात्रा, कांग्रेस के बड़े नेता नहीं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। पत्रकारवार्ता करते पूर्व सांसद एवं यात्रा संयोजक बृजेंद्र सिंह।

अहीर रेजिमेंट एवं 120 बहादुर फिल्म के टाइटल में अहीर शब्द शामिल करना अहीरवाल इलाके की मांग जायज है तथा इन मांगों को लागू किया जाना चाहिए। यह विचार पूर्व सांसद एवं सद्भावना यात्रा के संयोजक बृजेंद्र सिंह ने यादव सभा में आयोजित पत्रकारवार्ता में व्यक्त किए। चौधरी बृजेंद्र सिंह ने अहीर रेजिमेंट का समर्थन करते हुए सन 1962 में हुए रेजांगला युद्ध में जो 120 वीर शहीद हुए, उनमें सर्वाधिक अहीर समाज के थे।

इस युद्ध को लड़ने में जिस अदम्य साहस का परिचिय दिया, वह अतुलनीय है। यहां के अहीरों ने आजादी की लड़ाई ही नहीं, देश की आजादी के बाद हुए युद्धों में भी स्वर्णिम इतिहास रचा है और सीमाओं की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने बताया कि आज ही महेंद्रगढ़ में रेजांगला पार्क का शिलान्यास किया गया है तथा वह इसका सम्मान करते हैं। यह शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि का प्रतीक होगा। इस मौके पर पूर्व सांसद के पिता पूर्व मंत्री चौधरी बिरेंद्र सिंह, कांग्रेस के जिला प्रधान सत्यवीर झूकिया, महिला प्रधान राजवंती यादव, बार के पूर्व प्रधान एडवोकेट मंजीत सिंह यादव, पूर्व पार्षद डा. तरुण, भगवान सिंह झूक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कनीना। मिठाई बांटकर खुशी जताते व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

### बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पर बांटी

**कनीना।** बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई है। व्यापार मंडल के वरिष्ठ नेता मनीष गुप्ता ने कहा कि बिहार में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद बंगाल में भी सत्ता परिवर्तन का रास्ता खुल गया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के आगे विपक्षी पार्टियों के हौसले परास्त हो रहे हैं। देश में तेजी से विकास हो रहा है। इस मौके पर व्यापार मंडल एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

नारनौल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवी में विद्यालय स्तर की भारत को जानो प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शनिवार विद्यालय प्राचार्य सुरेश कुमार ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस संबंध में प्रवक्ता डा. जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर कनिष्ठ वर्ग में कक्षा छह से आठ एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें कनिष्ठ वर्ग में कक्षा आठ के छात्र हर्ष ने प्रथम, कक्षा सात के निशांत ने द्वितीय तथा कक्षा आठ के वीरेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा दसवीं के दीपांशु ने प्रथम, कक्षा 12वीं के शन्नी ने द्वितीय एवं कक्षा दसवीं की वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कोसली। विद्यार्थियों को गर्म कपड़े वितरित करते गांव के सरपंच व अन्य।

### विद्यार्थियों को वितरित किए गर्म कपड़े

**कोसली।** राजकीय उच्च विद्यालय लिसाना के छात्र-छात्राओं को सर्दी के मौसम की शुरूआत में गांव के सरपंच जयसिंह गांव के विपिन कुमार द्वारा गर्म कपड़े वितरित किए। विद्यालय के मुख्य अध्यापक विनोद कुमार ने कहा कि गांव के सरपंच जयसिंह वह विपिन यादव द्वारा गत वर्ष भी छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़े वितरित किए थे जिसके लिए वह छात्र-छात्राओं की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हैं कि वह इसी प्रकार समाज सेवा के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग ले और दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति करें इस मौके पर राजकुमार देवेंद्र सिंह कृष्ण कुमार मुकेश कुमार सरल पूनम पंचायत समिति सदस्य बलदेव सतबीर कृष्णा सत्यवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पिता की पुण्यतिथि पर गोशाला में लगाई सवामणी

**नारनौल।** गो सेवा मंडल के सानिध्य में सुरेश यादव ने अपने स्वर्गीय पिता श्रीराम यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर गोमाता के लिए 35 क्विंटल हरी सब्जी की सवामणी श्री अनाथ गौशाला नारनौल में लगाई। सुरेश यादव ने बताया कि अपने बड़े बुजुर्गों की पुण्यतिथि पर गोमाता को हरा चारा व हरी सब्जी खिलाने से आत्मा को शांति प्राप्त होती है। संस्थापक मुकेश वालिया ने बताया कि मंडल द्वारा पिछले करीब चार वर्षों में अब तक 1320 सवामणी गोभक्तों के सहयोग से लगाई जा चुकी है। प्रधान सतपाल यादव ने कहा कि गोमाता सवामणी करने से मन के सभी विकार दूर होते हैं तथा घर में खुशियां आती है। बेजुबान गोमाता की सेवा से अधिक पुण्य कर्म और कोई नही हो सकता।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देते विधायक।

विधायक कंवर सिंह यादव ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक लेकर 16 नवंबर को नारनौल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। विधायक ने बताया कि महाराज शूर सैनी की जयंती के मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। जिसके लिए सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए। महेंद्रगढ़ विधानसभा से 50 बसों की व्यवस्था की गई। जो सुबह नौ बजे महेंद्रगढ़ से काफिले में एक साथ रवाना होंगे। विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि क्षेत्र के विकास से जुड़ी घोषणाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच सके। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, मंडल अध्यक्ष नांगल सिरोही अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष महेंद्रगढ़ संदीप बचीनी, रवि शेखावत, प्रवीण कुमार, अधिवक्ता मोती सिंह, मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ शेखावत, कृष्ण देवनगर सरपंच, रणधीर सिंह आदलपुर, कृष्ण ठेकेदार, डॉ. महेश, पंकज बुचोली, दीपक बुचोली व सूरत सिंह आदि बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विद्यार्थी हमारे देश के भविष्य: बलजीत यादव

- बाल दिवस पर बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम चीफ गेस्ट का स्वागत करते हुए स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह यादव ने विश्वकर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज के बच्चे ही हमारे देश का भविष्य हैं। आप लोगों में से ही कल राजनेता, डॉ, इंजीनियर और शिक्षक बनकर देश का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम संकल्प लेकर जाएं कि अपने से बड़ों, माता पिता और गुरुजनों का आदर करेंगे। डर कर नहीं बल्कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगे। अंदर के सपनों को कभी छोटा नहीं होने देगे। पढ़ाई को नंबरों के लिए नहीं कुछ नया सीखने के लिए करगे। सार्वजनिक संपत्ति को कभी नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

### विद्यार्थियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया

*अपने विद्यालय एवं आस पास के स्थानों को साफ एवं स्वच्छ रखेंगे। आज आप द्वारा आगे बढ़ने के लिए किया गया संघर्ष आपकी कल की सफलता का आधार होगा। बाल दिवस पर बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहना करके सम्मानित किया गया इस मौके पर विश्वकर्मा शिक्षण संस्थान के प्रधान हेमंत कुमार शर्मा स्कूल की प्रधानाचार्य श्रुति शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू शर्मा, सीडब्ल्यूसी काउंसलर नीतू एवं स्कूल के सभी अध्यापकगण और बच्चे उपस्थित थे।*

### जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गीता यादव ने की। डॉ. गीता यादव ने कहा कि यह दिवस भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस का उद्देश्य जनजातीय समुदाय की संस्कृति, परंपरा और योगदान को सम्मानित करना है। यह दिवस जनजातीय समाज के लोगों को उनके अधिकारों और पहचान के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रथम पुरस्कार अन्नू को, द्वितीय पुरस्कार लक्ष्मी को तथा तृतीय पुरस्कार तमन्ना और अंकिता चौधरी को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।

## सरकारी अस्पतालों में 1100 नए डॉक्टरों की नियुक्ति की गई

# प्रदेश में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को किया जा रहा मजबूत: आरती

- दवा वितरण के कार्य को सुचारू किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली




कोसली। किसान भवन में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार व आम जनता के लिए सभी तरह की मेडिकल सेवाएं सुलभ करवाने के लिए सरकार गंभीरता से काम कर रही है। सरकारी अस्पतालों में 1100 नए डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा दवा वितरण के कार्य को सुचारू किया गया है। किसान भवन परिसर में आज कोसली मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव और वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल को पदभार ग्रहण करवाने के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री स्थानीय मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पहले उनकी निगाह प्रदेश के सामान्य अस्पतालों को समुचित चिकित्सा संसाधन उपलब्ध करवाने पर है।

### दवाइयों का सीएमओ के पास स्टॉक होना आवश्यक

उसके बाद सब डिविजन लेवल के हॉस्पिटल, सीएचसी, पीएचसी तथा सब हेल्थ सेंटरों पर ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की प्रक्रिया जारी है। दवाइयों की कमी को दूर किया जा रहा है। विभाग में इसके लिए एक अलग से पोर्टल बनाया हुआ है। जिसमें दर्शाई गई दवाईयों का सीएमओ के पास स्टॉक होना आवश्यक कर दिया गया है। आधुनिक मशीनों को बाहर से मंगवा कर सरकारी अस्पतालों में लगवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोसली में भी जल्द रेडियोलॉजिस्ट व स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी को दूर किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि सहादत नगर गांव के नर्सिंग कॉलेज में अगले साल से कक्षाएं विधिवत तौर पर शुरू कर दी जाएंगी। अभी वहां ढांचागत विकास का कार्य करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक अनिल यादव के भी काम की तारीफ करते हुए कहा कि वे पूरी लगन से हलका के विकास के लिए जुटे हुए हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, एसडीएम विजय कुमार यादव, जिला कृषि विपणन अधिकारी सत्य प्रकाश, मार्केट कमेटी सचिव नरेंद्र सिंह, अशोक लूखी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थीं।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल-100 नग)

❖ श्री अजय कुमार सुपुत्र श्री सुंदर लाल, 1910/30, न्यू चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री प्रशांत सुपुत्र प्रमोद, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मदन गोपाल सचदेवा सुपुत्र मुलखराज सचदेवा, म. नं. 309/16, प्रताप मोहल्ला, रोहतक ❖ जगबीर सुपुत्र श्री देशराज, गांव मोहम्मदपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ रोहित बंसल सुपुत्र श्री दीपक बंसल, वार्ड नं. 6, दीवान गेट, झज्जर ❖ जय नारायण सुपुत्र श्री दुर्गा प्रसाद, साल्हावास, झज्जर ❖ दर्शना देवी धर्मपत्नी धर्मबीर सिंह, गांव दुजाना, बेरी, झज्जर ❖ रतन लाल सुपुत्र श्री समसूराम नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री रामचंद्र सुपुत्र रामभगत, अमृत कॉलोनी, वार्ड 22, रोहतक ❖ श्री भगत सिंह सुपुत्र श्री बनवारी लाल, नजदीक रेलवे स्टेशन, वार्ड नं. 2, (आटा चक्की) कलानौर, रोहतक ❖ दिव्या सुपुत्री श्री परवीन, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ सुरेश कुमार सुपुत्र श्री बलराम, साल्हावास, झज्जर ❖ निहारिका शर्मा पत्नी दीपक शर्मा निवासी 15/40, 5 बिस्वा, जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़ ❖ महेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री भागचन्द, दुजाना, बेरी, झज्जर ❖ महाबीर सिंह सुपुत्र श्री जागे राम, कबलान, झज्जर ❖ जिया पुत्री श्री अमित निवासी ओल्ड बस स्टैंड, गुजरों की ढाणी, भिवानी ❖ शर्मिला पत्नी श्री विरेन्द्र निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ दिलबाग सिंह सुपुत्र श्री जगत सिंह, निवादा, साल्हावास, झज्जर ❖ राधे श्याम सुपुत्र स्व. श्री हजरी लाल, गांव व डा. नन्दरामपुर बांस, रेवाड़ी ❖ मदन लाल वर्मा सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद म. नं.4, गली नं. 3/1, सरस्वती विहार, कालका रोड, रेवाड़ी ❖ प्रिन्स सुपुत्र श्री अमन, मारोत, मातनहेल, झज्जर ❖ श्री रणवीर सिंह सुपुत्र श्री राम, गांव व डा. तुंबाहेड़ी, झज्जर ❖ मामन सिंह सुपुत्र श्री चन्द्रभान, गांव नलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ दयानन्द सुपुत्र श्री मंगलराम, गांव लूखी, कोसली, रेवाड़ी ❖ धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री सुरजभान, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ अमन सोलंकी पुत्र श्री श्रीपाल सोलंकी, निवासी मकान नं0 2459, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ मधुबाला पत्नी श्री जय भगवान निवासी मकान नं.840/13, गली नं.10 भगत सिंह कालोनी, बहादुरगढ़ ❖ मनोज कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह निवासी गांव डाबौदा कलां, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ तेजबीर राठी पुत्र श्री जागेराम निवासी गांव व डाकखाना सांखौल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ विनोद कुमार पुत्र श्री मनोहर लाल गांव व डाकखाना सांवड़, जिला चरखी दादरी ❖ रमन सुपुत्र श्री रिंकू, दगड़ौली, बाढड़ा, चरखी दादरी ❖ सुनीता पत्नी मुकेश निवासी रामनगर, परनाला रोड, गली नं.4, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेन्द्र कुमार सैन पुत्र श्री सन्जू निवासी गुजरों की ढाणी, पुराना बस स्टैंड, भिवानी ❖ श्री महेंद्र सिंह सुपुत्र खेड़ी सिंह, गांव व ड. भालौठ, रोहतक ❖ मयंक पुत्र श्री जतिन कुमार निवासी गांव हनुमान ढाणी, जिला भिवानी ❖ सुलेखा पत्नी श्री हरिओम निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्याम करण पुत्र श्री सोनी लाल निवासी छिकारा कालोनी, गली नं.5, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ दयाराम पुत्र श्री कमलेश निवासी आर्य नगर, गली नं.2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ देवेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री राजिन्द्र सिंह, गांव व डा. शेशवाला, दादरी ❖ समीर पुत्र श्री प्रदीप निवासी ओल्ड बस स्टैंड, गुजरों की ढाणी, भिवानी ❖ उमेश पुत्र श्री हव सिंह निवासी 12/410, सैनी पुरा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हवा सिंह पुत्र श्री लखीराम निवासी गांव व डाकखाना गोयला कलां, बदली, झज्जर ❖ आशीष वर्मा पुत्र श्री बलवान सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री राकेश कुमार सुपुत्र ब्रह्मजीत सिंह, गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ परवीन कुमार सुपुत्र श्री दिलबाग सिंह गांव व डा. लोहारहेड़ी, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ श्री रवि सुपुत्र हरि सिंह, 822, दरमान मौहल्ला, रोहतक ❖ हर्ष मित्तल पुत्र श्री रविन्द्र कुमार निवासी मकान नं 5, नजदीक लिबर्टी होम्स, शिव नगर कालोनी, भिवानी ❖ श्री अंकुर सुपुत्र श्री रामफल, खरक जाटान, बैंसी, तह. महन, रोहतक ❖ मोहिन्द्र सिंह सुपुत्र श्री कन्हैया लाल, गांव लोहारहेड़ी, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ वीर भान पुत्र श्री काली चरण निवासी मकान 802/19, आर्य नगर, रोहतक

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी
सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

खबर संक्षेप



## नशे में धुत चालक ने लगाए रखा जाम

**रेवाड़ी।** सैकड़ों लोग शहर के सरकुलर रोड से अंदर के इलाकों तक जाने के लिए ऑटो का इस्तेमाल करते हैं। शराब से लेकर दूसरे नशे करने वाले ऑटो चालक लोगों की जान की परवाह नहीं करते। इसका उदाहरण शनिवार सायं सरकुलर रोड पर उस समय देखने को मिला, जब शराब के नशे में धुत एक ई-रिक्शा चालक सड़क पर बैठ गया। बेसुध चालक के कारण काफी देर तक सड़क पर जाम जैसे हालात बने रहे।

शाम के समय एक ई-रिक्शा चालक ने ब्रह्मगढ़ के पास सरकुलर रोड पर वाहन खड़ा कर दिया। वह नशे में इस कदर धुत था कि उससे चला भी नहीं जा रहा था। वह सड़क पर ही बेसुध बनकर बैठ गया। संकीर्ण रोड होने के कारण काफी देर तक जाम जैसे हालात बने रहे।

## जानलेवा हमला करने का आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने 11 नवम्बर को आपसी रंजिश के चलते गांव टुमना निवासी एक युवक को चाकू मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए के मामले में संलिप्त एक आरोपी संदीप कुमार निवासी गांव टुमना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता गांव टुमना निवासी विक्रांत की शिकायत पर थाना कोसली में मामला दर्ज किया गया था।

## बाल भवन में परिवेदना समिति की बैठक कल

**रेवाड़ी।** जिला के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 17 नवंबर को दोपहर 12 बजे बाल भवन ऑडिटोरियम में होगी।

प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 17 परिवादों की सुनवाई की जाएगी। डीसी अभिषेक मीणा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्धारित तिथि व समय पर रिपोर्ट सहित बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

### मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव व वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल ने संभाला पदभार

# बिहार में एनडीए की जीत ने बढ़ाया पीएम मोदी का कद : आरती राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनावों में जिस तरह से एनडीए और भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है, उससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद और भी बढ़ गया है। इन चुनावों ने यह साबित कर दिया है कि पीएम की नीति और नियत पर देश और प्रदेशों की जनता को पूरा भरोसा है। उनके नेतृत्व में देश प्रगति की राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। आरती सिंह राव शनिवार को किसान भवन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

कोसली व भाकली का आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि यह इलाका केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को रीढ़ की हड्डी की तरह ताकत देता है। शुरू से ही कोसली क्षेत्र ने राव इंद्रजीत सिंह का मजबूती से साथ दिया। अटेली के चुनाव में भी उनको कोसली का साथ मिला तथा यहां विधायक अनिल यादव को भारी मतों से जीत दिलवाई, जिसके लिए वह यहां की जनता का आभार व्यक्त करती हैं। नवनियुक्त मार्केट कमेटी चेयरमैन महेश यादव एवं वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल के पदभार संभालने के उपलक्ष्य में आयोजित हुए इस समारोह में मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र में सब हेल्थ सेंटर, पीएचसी, सीएचसी व बीएचयू की स्थापना के लिए 57 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। भविष्य में चिकित्सा सुविधाओं को और भी विस्तार दिया जाएगा। विधायक अनिल यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की स्पष्ट और ईमानदार कार्यशैली को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव आगे बढ़ा रही हैं। हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में जनकल्याण की भावना से काम कर रही है।





**कोसली।** किसान भवन में जनसभा को संबोधित करते हुए आरती राव तथा चेयरमैन को कुर्सी बैठाते हुए आरती राव अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

### स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया

किसान भवन में मंत्री आरती सिंह राव, विधायक अनिल यादव व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली के सान्निध्य में महेश यादव व दिनेश गोयल ने अपना पदभार ग्रहण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने उम्मीद जताई कि दोनों पदाधिकारी कोसली क्षेत्र के किसानों की भलाई के लिए काम करेंगे। सभा में मुकेश जाहिदपुर ने कोसली हलका में आईएमटी तथा रेवाड़ी में एम्स लाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तथा स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया। इस अवसर पर पंचायत समिति, पार्टी पदाधिकारी व मौजिज नागरिकों ने हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री का फूल मालाओं व पगड़ी भेंट कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। विधायक अनिल यादव को भी सम्मान की प्रतीक पगड़ी पहनाई गई।



**कोसली।** कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री के साथ मौजूद अन्य नेता। फोटो :हरिभूमि

### यह रहे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद

*समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष मा. हुकमचंद, चेयरमैन दुष्यंत सिंह, चेयरमैन कर्णपाल, हिमांशु पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह, कपिल चेयरमैन, जगफूल यादव, उदयभान डागर, जिला पार्षद जीवन हितैषी, शारदा यादव, भूपेंद्र सिंह, प्रवीन कुमार, हरीश दायमा, अनूप यादव, धीरज यादव, बार एसोसिएशन के प्रधान जयकिशन ढिल्लो, मंडी प्रधान अजय सिंगला, विक्रम सिंह इत्यादि मौजूद रहे।*



**रेवाड़ी।** बिहार में भाजपा की जीत पर खुशी मनाते हुए कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

# बिहार में भाजपा की जीत पर मनाई खुशी

### मिठाई बांटकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया
- बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, विश्वास और सुशासन की राजनीति को चुना

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाते हुए मिठाइयां वितरित कीं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया।

मॉडल टाउन स्थित श्रीसंस्थान धर्म राधा कृष्ण मंदिर परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष समीर कालड़ा ने जलेबियां बांटकर जीत का जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, विश्वास और सुशासन की राजनीति को चुना है।

यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की नीतियों पर जनता के भरोसे का प्रमाण है। समीर कालड़ा ने कहा कि मतदाताओं ने जातिगत समीकरणों और नकारात्मक राजनीति को दरकिनार करते हुए सकारात्मक बदलाव को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कार्यकतार्ओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए इस जीत को लोकतंत्र एवं राष्ट्रहित की विजय बताया।

जिले के अन्य स्थानों पर भी भाजपा कार्यकतार्ओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया और मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर पंचनद जिला अध्यक्ष केशव चौधरी, जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, राजीव आहूजा, जयमाला कौशिक, कृपा जेमनी, गोबिंद यादव, स्वर्ण जयंती पार्क के प्रधान नरेंद्र यादव, दीपा भारद्वाज, रमेश चक्रवर्ती, दिनेश यादव, सोनिया चक्रवर्ती व नीरू भारद्वाज सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वंदे मातरम् देशभक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा गीत : हेमेंद्र कुमार मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि मां भारती को समर्पित देशभक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा गीत वन्दे मातरम् हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। इस गीत से देश भक्ति का जज्बा पैदा होता है।

हेमेंद्र कुमार मीणा शनिवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट के प्रति समर्पण की शपथ दिलाने के बाद उन्हें संबोधित कर रहे थे। वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव के अवसर पर पुलिस के सभी थाना व चौकी में देशभक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी जगह वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ देशभक्ति और राष्ट्र एकता की भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सभी ने एक साथ एक स्वर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन किया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्र प्रति समर्पित की शपथ ली। मीणा ने कहा कि इस गीत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और आज भी देश के प्रति प्रेम और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् हमें अपने देश के प्रति प्रेम और समर्पण की याद दिलाता है।

यह गीत हमें देश की स्वतंत्रता और एकता के लिए लड़ने वाले वीरों की याद दिलाता है। वंदे मातरम् हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह गीत देश की विविधता में एकता का प्रतीक है और हमें सभी को एकजुट होकर देश की प्रगति में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है।



**रेवाड़ी।** राष्ट के प्रति समर्पण भाव की शपथ लेते हुए पुलिसकमी। फोटो : हरिभूमि

### जन-सेवा और राष्ट्र सेवा दोनों सर्वोपरि

उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की संरक्षक ही नहीं, बल्कि समाज में शांति, सौहार्द और पारस्परिक विश्वास को कायम रखने का महत्वपूर्ण स्तम्भ है। ऐसे अवसर पुलिस बल को अपने मूल्यों, परंपराओं और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा की याद दिलाते हैं। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव अवसर पर सभी पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राष्ट्रभक्ति के माहौल को जीवंत बनाया है।



## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में हुईं खेलकूद स्पर्धाएं

**रेवाड़ी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी धर्मबीर बल्डोदिया ने किया। इस मौके पर उन्होंने दक्षिण हरियाणा की शिक्षा में यदुवंशी स्कूल के महत्वपूर्ण योगदान का जिक्र किया। उन्होंने स्कूल के चेयरमैन राव बहादुर सिंह के शिक्षा जगत में योगदान की सराहना की। प्रतियोगिता में छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर स्कूल की डीन मुकेश यादव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों को खेल एवं शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया एवं बच्चों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### शहर में यात्रा के साथ नगर कीर्तन का होगा आयोजन

**रेवाड़ी।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही हिंद की चादर शहीदी यात्रा सोमवार को शहर में पहुंचेगी। यह यात्रा गुरु तेग बहादुर के बलिदान, शिक्षाओं और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रतीक है। यह यात्रा 16 नवंबर को कापड़ीवास, धारूहेड़ा से आगमन के बाद संत कुटिया उत्तम नगर दिल्ली रोड पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु संगत इसका भव्य स्वागत करेगी। इसके उपरांत यह यात्रा धारूहेड़ा चुंगी-अम्बेडकर चौक-बस स्टैंड से होते हुए अग्रसेन चौक पर पहुंचेगी। अग्रसेन चौक पर सिख समाज द्वारा गतका प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।



### भारत सांस्कृतिक गतिविधियों का देश : उर्मिला

**रेवाड़ी।** अहीर महाविद्यालय में बाल दिवस पर अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक समिति, इतिहास विभाग व हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने किया। उर्मिला शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत विभिन्न संस्कृतियों का देश है। यहां विभिन्न संस्कृतियों के लोग आपस में मिल-जुलकर सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद उठाते हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत कविता पाठ, भाषण, संगीत, नाटक कला, नृत्य आदि प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक समिति प्रभारी डा. जयभगवान ने बताया कि आयोजित गतिविधियों में विद्यार्थियों ने अधिकाधिक भागीदारी दी।

## पंच परिवर्तन से विकसित भारत थीम पर युवा महात्सव कल से

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में 17 और 18 नवंबर को पंच परिवर्तन से विकसित भारत थीम पर होने वाले इंटर जोनल युवा महोत्सव हिंडोला-2025 की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. करण सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न महाविद्यालयों के सभी प्राचार्यों के साथ मीटिंग की गई। उन्होंने केएलपी कॉलेज, रेवाड़ी एवं आरपीएस कॉलेज, महेंद्रगढ़ के अंतर्गत सफलतापूर्वक आयोजित किए गए जोनल युवा महोत्सव के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने 6 स्टेजों पर प्रदर्शित होने वाली विभिन्न प्रतिस्पधार्ओं में भाग लेने वाली सभी महाविद्यालयों की टीमों को क्रम संख्या एवं कोड वितरित किए। उन्होंने बताया कि डे-टू-डे शेड्यूल कार्यक्रम की रूपरेखा का विस्तृत विवरण सभी महाविद्यालयों को वितरित कर दिया गया है। उन्होंने सभी प्राचार्यों से विद्यार्थियों के द्वारा अनुशासन एवं व्यवस्था प्रबंधन बनाए रखने के लिए आह्वान किया। इस मीटिंग में निदेशक छात्र कल्याण प्रोफेसर अदिति शर्मा, सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. सुशांत यादव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। सभी समितियों के संयोजक एवं सदस्य कड़ी मेहनत के साथ अपने कार्यों में लगे हुए हैं।

## पुष्प अभियान के तहत वितरित किए गए पौधे

**रेवाड़ी।** पुष्प अभियान के तहत रेवाड़ी और कोसली में एक संस्था के संचालक देवेंद्र रुस्तगी व उनके सहयोगी सेवानिवृत्त प्राचार्य राजीव रुस्तगी ने फूलों के पौधों का निशुल्क वितरण किया। शहर में अभियान का शुभारंभ बीआरसी ऑफिस परिसर में निशांत यादव ने किया। इसके तहत विभिन्न विद्यालयों और नागरिकों को फूलों के पौधे वितरित किए गए। कोसली में अभियान का शुभारंभ विधायक अनिल यादव ने किया।

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयों में जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा के निर्देशन में जिला के समस्त विद्यालयों में जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित निबंध लेखन सहित अन्य प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिला परियोजना अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस पर जिलेभर के स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम किए गए। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान योद्धा होने के साथ-साथ समाज सुधारक भी थे। आदिवासी समाज में जागृति लाने का कार्य किया। वहीं समाज के समस्त लोगों को प्रकृति से प्रेम करने की अलख भी जगाई। विद्यार्थियों को संत और वीर-महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए उनके विचारों का जीवन में अनुसरण करना चाहिए। विद्यार्थियों से कहा कि हमें भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे और प्रकृति के दोहन को रोकना होगा।







### विभिन्न प्रतियोगिएं आयोजित

*जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति प्रेमी आदिवासी समाज में जागरूकता की अलख जगाने वाले भगवान बिरसा मुंडा की जीवन पर आधारित निबंध लेखन, भाषण व कविता आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर प्रतिभागिता दर्ज की। विद्यालयों में सांस्कृतिक और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों को जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में सहभोज का आयोजन भी किया गया।*

## दयालु योजना का लाभ उठाएं लोग पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन



**रेवाड़ी।** किसी भी नागरिक की सड़कों पर घूम रहे पशुओं से होने वाली दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता होने पर दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए दयालु योजना पोर्टल का सरलीकरण किया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में दयालु-2 योजना पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि दयालु-2 पोर्टल सरकार की पारदर्शी और सरल सेवा वितरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस डिजिटल पहल से पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ और अधिक तेजी व सटीकता के साथ मिलेगा। योजना का लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जाएगा। डीसी ने बताया कि दयालु योजना के तहत किसी नागरिक की सडकों पर घूम रहे पशुओं से दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता हो जाने पर उन परिवारों को एक लाख से पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा चोट के लिए न्यूनतम 10 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र के तहत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

**कमेटी लेगी राशि के लिए अंतिम निर्णयः** डीसी ने बताया कि सहायता राशि के लिए जिला स्तर पर गठित समिति अंतिम निर्णय लेगी। जिला सांख्यिकी अधिकारी दावों के समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए नागरिक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित जन सहायक मोबाइल एप के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

**अभियान** डीजीपी ओपी सिंह के आदेश पर मुहिम शुरू की गई

# पुलिस का ऑपरेशन ट्रैक डाउन, इनामी सहित तीन आरोपी चढ़े हत्थे, डीजीपी के आदेश पर बढ़ी सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीजीपी ओपी सिंह के आदेश पर जिला पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत अपराधियों को काबू करने के लिए जो मुहिम शुरू की हुई है, उसके तहत एक इनामी बदमाश सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पांच हजार रुपये का इनामी बदमाश कई दिनों से फरार चल रहा था।

सीआईए धारूहेड़ा प्रभारी निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने गत 7 मई की रात को गांव मुरादपुरी निवासी एक व्यक्ति का अपहरण कर लुटपाट करने के मामले में संलिप्त एक 5 हजार रुपए के इनामी वांछित आरोपी दीपक निवासी मोहल्ला मालीटीबा हाल आबाद मोहल्ला रामनगर नारनौल जिला महेंद्रगढ़ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पूर्व थाना कसौला के इस मामले में एक 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी कर्मवीर उर्फ मोनू निवासी गांव गंडाला जिला कोटपुतली बहरोड़ राजस्थान को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। दूसरे मामले में कसौला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने गत 2 नवम्बर को गांव पातूहेड़ा में आपसी रंजिश के चलते गांव आसलवास निवासी एक पिता व पुत्र का रास्ता रोककर गाली गलोच करने तथा हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में संलिप्त एक वांछित आरोपी अनिल निवासी गांव पातूहेड़ा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पूर्व इस मामले में दो आरोपी नीरज व अमित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।







रेवाड़ी। विभिन्न मामलों में काबू किए गए आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

### नशीला पदार्थ बेचने के मामले में काबू

तीसरा मामले में रामपुरा थाना प्रभारी पीएसआई संजय कुमार की टीम ने गांजा तस्करी के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी कृष्ण निवासी मोहल्ला आदर्श नगर कुतुबपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पूर्व गत 30 अक्टूबर को पुलिस ने इस मामले में मोहल्ला गुलाबी बाग निवासी भीम को 1 किलो 440 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी भीम ने बताया था कि उसे यह नशीला पदार्थ कृष्ण ने उसे मुहैया कराया था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### संगीन अपराधों के आरोपी चिन्हित

ऑपरेशन ट्रैक डाउन अभियान के तहत जिला पुलिस ने संगीन मामलों के कई बदमाश चिन्हित का लिए हैं। इन आरोपियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान से अपराध अंकुश पर सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं तथा अपराधों में कमी आई है। **-हेमेंद्र कुमार मीणा,** एसपी।





## सर छोटूराम जयंती के साथ मनेगा संविधान दिवस

**रेवाड़ी।** जाट समाज के प्रवक्ता व भाकियू के प्रदेश महासचिव रामकिशन महलावत ने कहा कि इस बार सर छोटूराम जयंती पर 25 नवंबर को जाट धर्मशाला में संविधान दिवस भी मनाया जाएगा, जिसमें जाट समाज के साथ-साथ अनुसूचित जाति के सभी संगठनों को आमंत्रित किया जाएगा। शनिवार को जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामकिशन महलावत ने कहा कि संविधान दिवस और दीनबंधु सर छोटूराम जयंती दोनों एक ही दिन हैं। दीनबंधु सर छोटूराम ने हमेशा कमजोर और गरीब तबके के लोगों के उत्थान की दिशा में काम किया। उन्होंने शोषित वर्ग को मुख्यधारा में लाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए। जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए वह हमेशा आगे रहे। इसी तरह संविधान निर्माता डा. भीमराम अंबेडकर ने दलित व शोषित वर्ग के लोगों के उत्थान की दिशा में काम किया। उनके बनाए गए संविधान ने हर वर्ग के लोगों को समानता का अधिकार दिया।

**समाज के लोगों को सौंपी जिम्मेदारियांः** इससे पूर्व समाज व अनुसूचित जाति संगठनों के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। इस बैठक में 25 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौंपी गई। महलावत ने बताया कि समारोह में अखिल भारतीय जाट महासभा के महासचिव चौ. युद्धवीर सिंह सहरावत चीफ गेस्ट होंगे, वरिष्ठ अधिवक्ता बलराज मलिक और सुरेश द्रविड़ विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस मौके पर पूर्व डीईओ राजकुमार जलवा, सूरत सिंह, ईश्वर सिंह व कई अन्य जाट नेता मौजूद थे।

